हम हैं सेवादार तेरे

देश विदेश में डंका बाजे तेरा लखदातार
सेवादार सेवादार हम हैं तेरे सेवादार
शीश दान करने वाला है जग का पालनहार
सेवादार सेवादार हम हैं तेरे सेवादार

सारे जग में निराला मेरा खाटू वाला
बड़ी बड़ी कठिनाइयों को तूने पल में टाला
अपने भक्तों की नैया का तू है खेवनहार
सेवादार सेवादार हम हैं तेरे सेवादार

जिसने तुझे बुलाया दौड़ा दौड़ा आया
इसीलिए तेरे प्रेमी ने तुझको दिल में बिठाया
प्रेमी बहुत हैं जग में कोई तुमसे दिया ना प्यार
सेवादार सेवादार हम हैं तेरे सेवादार

तीन बाणधारी है कलयुग अवतारी है
लीले की सवारी करता बड़ा ही उपकारी है
जो कुछ वैभव करूँ मैं अर्पण करता है स्वीकार
सेवादार सेवादार हम हैं तेरे सेवादार

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20984/title/hum-hai-sewadar-tere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |